## प्रादेशिक समाचार

## दिनांक–30.05.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. अंतिम चरण के चुनाव के लिए आज शाम थम जाएगा प्रचार का शोर, राजमहल, गोड्डा और दुमका में एक जून को होने वाले मतदान की तैयारी पूरी।
2. कांग्रेस के अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी आज संताल परगना में चुनावी जनसभाओं को करेंगे संबोधित।
3. चार जून को होने वाली मतगणना की तैयारी अंतिम चरण में, रांची सीट के लिए सात सौ कर्मियों को आज दिया जाएगा प्रशिक्षण।
4. राज्यभर में गर्मी का प्रकोप जारी, मौसम विभाग ने आज गढ़वा, पलामू और चतरा में सीवियर हीट वेव का जारी किया ऑरेंज अलर्ट।
5. भारतीय मुक्केबाज अंकुशिता बोरो और निशांत बैंकाक में चल रहे पेरिस ओलंपिक के दूसरे क्वालीफायर के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे।

******************

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण में झारखंड में तीन सीटों के लिए आज शाम पांच बजे चुनाव प्रचार थम जाएगा। राज्य के गोड्डा, राजमहल और दुमका में एक जून को चुनाव कराए जाएंगे। आज शाम पांच बजे के बाद इन क्षेत्रों में न तो कोई चुनावी सभा होगी और न ही किसी प्रत्याशी के पक्ष में लाउडस्पीकर से प्रचार किया जा सकेगा। चुनाव आयोग के अनुसार कल प्रत्याशी या उनके समर्थक घर–घर जाकर लोगों से मतदान की अपील कर करते हैं। इस दौरान उन्हें अपने साथ पोस्टर–बैनर ले जाने की अनुमति नहीं होगी।

******************

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के चुनाव प्रचार में राजनीतिक दलों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। कांग्रेस के अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी दुमका और राजमहल क्षेत्र में इंडी गठबंधन के प्रत्याशी के पक्ष में सभा करेंगे। वहीं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी आज राजमहल सीट से एनडीए उम्मीदवार के समर्थन में साहिबगंज और पाकुड़ में चुनावी जनसभाओं को संबोधित करेंगे।

******************

चार जून को होने वाली मतगणना के लिए चुनाव आयोग की तैयारी अंतिम चरण में है। रांची संसदीय सीट के लिए कृषि बाजार समिति पंडरा में चार जून को सुबह आठ से मतगणना होगी। इसके लिए सात सौ कर्मचारियों को आज पहले चरण का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके अलावा इन्हें दो जून को भी प्रशिक्षण दिया जाएगा। पंडरा में विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के लिए कुल एक सौ उनतालिस टेबलों पर मतगणना की जाएगी। प्रत्येक टेबल पर तीन मतगणना कर्मी तैनात होंगे। मतगणना को लेकर कृषि बाजार समिति प्रांगण में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। यहां तीन लेयर में सुरक्षा–व्यवस्था की गई है।

******************

राजमहल संसदीय क्षेत्र के पाकूड में निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव की प्रशासनिक तैयारी पूरी हो गई है। विस्तृत जानकारी के साथ हमारे संवाददाता–

******************

लोकसभा चुनाव के सातवें चरण में मतदान कराने के लिए देवघर भेजे गए धनबाद के तीन सौ तिरासी दारोगा और जमादार में से नौ के ड्यूटी से लापता रहने पर उन्हें निलंबित कर दिया गया है। सार्जेंट मेजर की रिपोर्ट के आधार पर धनबाद के एसएसपी ह्रदीप पी जनार्दनन ने यह कार्रवाई की है। निलंबित किए गए सभी लोगों के खिलाफ विभागीय कार्यवाही होगी।

******************

गोड्डा जिले में पिछले दो दिनों से आयकर विभाग की अनुसंधान टीम दो कारोबारियों के ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। अब तक मिली जानकारी के अनुसार इस छापेमारी में टीम को व्यापारियों के घर, दुकान एवं लॉकर से करीब एक करोड़ रुपए के जेवरात और तीस लाख रुपए नगद मिले हैं। इसके अलावा रुपयों के लेन–देन से जुड़े कई कागजात भी पाए गए हैं, जिनकी छानबीन चल रही है। व्यापारियों के ठिकानों पर आज भी छापेमारी जारी है। छापेमारी में रांची, देवघर और भागलपुर की आयकर विभाग की टीमें शामिल हैं।

******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

******************

जमशेदपुर शहर में खोले गए सभी बारों के लाइसेंस का सत्यापन किया जाएगा। पूर्वी सिंहभूम जिले के वरीय आरक्षी अधीक्षक किशोर कौशल ने सभी थाना प्रभारी को इस संबंध में निर्देश दिया है। बार के लाइसेंस का सत्यापन उत्पाद विभाग के सहयोग से किया जाएगा। श्री कौषल ने बार खुलने और बंद होने के समय का पालन कराने और वहां तैनात सुरक्षाकर्मियों का पुलिस वेरिफिकेशन कराने का भी निर्देष दिया है।

******************

सरायकेला–खरसावां जिले के सिविल सर्जन के निर्देशानुसार विभिन्न क्षेत्रों में हृदयाघात के बाद प्राथमिक चिकित्सा के रूप में सीपीआर प्रदान करने को लेकर महत्वपूर्ण जानकारियां दी जा रही हैं। कल कृषि बाजार उत्पादन समिति में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित कर आदित्यपुर के सैकड़ो सब्जी विक्रेताओं को हृदयाघात के लक्षण और इससे बचाव की जानकारी प्रदान की गई। इस मौके पर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर प्रमिला कुमारी ने बताया कि हृदयाघात के बाद मरीज को सीपीआर देने से मरीज की मृत्यु को रोका सकता है।

******************

कोल इंडिया की अपर सचिव रूपिंदर बरार कल शाम धनबाद के बेलगड़िया स्थित झरिया विहार कालोनी पहुंचीं। उन्होंने कालोनी में बसाए गए झरिया अग्नि प्रभावित लोगों के स्वरोजगार के लिए एनएसबीपी अंतर्गत आधुनिक तकनीक से चलाए जा रहे सिलाई कढ़ाई प्रशिक्षण शिविर का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहीं युवतियों और महिलाओं से बातचीत भी की। इसके बाद अपर सचिव ने झरिया अग्नि प्रभावित क्षेत्र के विस्थापितों के लिए फेज छह में बनाए गए भवनों को भी देखा।

******************

कोल्हान के मुख्य ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र, जमशेदपुर की तीस ब्रह्माकुमारियों का दल कल पतरातू लेक रिसॉर्ट पहुंचा। इसके बाद यह दल ब्रह्माकुमारी पतरातू सेवा केंद्र पहुंचा जहां स्नेह मिलन कार्यक्रम का समापन हुआ। इस कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी रागिनी ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास करने से हम तनावमुक्त रह सकते हैं।

******************

राज्यभर में गर्मी का प्रकोप जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान रांची समेत प्रदेश के अठारह जिलों का अधिकतम तापमान बयालिस डिग्री सेल्सियस से अधिक रहा। गढ़वा जिले का तापमान अड़तालिस तो पलामू जिले का तापमान सैंतालीस दशमलव  सात डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं राजधानी रांची में कल इस साल का सबसे गर्म दिन रहा। यहां पारा बयालिस डिग्री पार कर गया। मौसम विभाग ने आज पलामू, गढ़वा और चतरा के लिए सीवियर हीट वेव का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इधर, भीषण गर्मी से हजारीबाग के पदमा में सैकड़ों चमगादड़ों की मौत हो गई है। ग्रामीणों ने बताया कि दो दिनों से चमगादड़ों के मरने का सिलसिला जारी है। वहीं, रामगढ़ जिले के कुजू क्षेत्र में कल एक बाइक सवार सीसीएलकर्मी गर्मी के कारण चक्कर खाकर सड़क पर गिर पड़ा। इस घटना में उसके सिर में गंभीर चोटें आई हैं। स्थानीय ग्रामीणों ने उसे इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।

******************

बैंकाक में चल रहे दूसरे मुक्केबाजी विश्व ओलंपिक क्वालीफायर में भारत की अंकुशिता बोरो ने 60 किलोग्राम भार वर्ग के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। पुरूष वर्ग में भी निशांत देव ने 71 किलोग्राम भार वर्ग में क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है।

******************

अब अखबारों की सुर्खियां

राजधानी रांची से प्रकाषित अधिकांष अखबारों ने झारखंड समेत देषभर में पड़ रही भीषण गर्मी और लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण के लिए चल रहे चुनाव प्रचार की खबरों को अपने पहले पन्ने की सुर्खी बनाई है।
प्रभात खबर लिखता है–गर्मी ने तोड़े सारे रिकॉर्ड, गढ़वा में 48 डिग्री और रांची का तापमान 42 दशमलव 5 डिग्री सेल्सियस।
हिन्दुस्तान ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के हवाले से लिखा है–भ्रष्टाचार में इंडिया के नेता डूबे हैं।
दैनिक भास्कर ने लिखा है–डालटनगंज में 46 साल का रिकॉर्ड टूटा, पारा 48 डिग्री पार।
दैनिक जागरण की सुर्खी है–अगले छह महीने में देश में बहुत बड़ा राजनीतिक भूचाल आएगा : मोदी।
वहीं राष्ट्रीय नवीन मेल लिखता है–राजमहल, गोड्डा, दुमका में आज थमेगा चुनाव प्रचार, सभी दलों ने लगाा जोर।
और अंग्रेजी अखबार हिन्दुस्तान टाइम्स और टाइम्स ऑफ इंडिया ने देश की राजधानी नई दिल्ली में पड़ रही भीषण गर्मी की खबरों को पहले पन्ने पर जगह दी है।

******समाप्त***********